# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक / बे0शि0 / 9625-27 / 2024–25 दिनांक: 30/ दिसम्बर 2024

**विद्यालय का नाम संशोधन आदेश**

प्रबन्धक, राकवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, बी–67, सेक्टर–33, नोएडा, विकास खण्ड बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर ने अपने पत्र दिनांक 22.10.2024 के द्वारा विद्यालय का नाम राकवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल (प्राइमरी स्थायी मान्यता– GAU0910047260 एवं जूनियर स्थायी मान्यता– GAU0910047531) के स्थान पर एस0आर0एम0 पब्लिक स्कूल परिवर्तित किये जाने के अनुरोध किया गया।

उक्त के क्रम अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक / बे0शि0 / 8707 / 2024–25 दिनांक 11.11.2024 के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड जेवर के पत्रांक / 236 / 2024–25 दिनांक 22.11.2024 द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या पत्र के साथ संलग्न कर प्रकरण मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, बेसिक, प्रथम मण्डल मेरठ को प्रेषित किया गया।

उक्त के क्रम में मण्डलीय मान्यता समिति, प्रथम मण्डल मेरठ की बैठक दिनांक 29.11.2024 में सम्मिति के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से उक्त स्थायी मान्यता प्राप्त विद्यालय प्राइमरी स्तर (कक्षा 01 से 05 तक) एवं जूनियर स्तर (कक्षा 06 से 08) तक राकवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का नाम एस0आर0एम0 पब्लिक स्कूल परिवर्तित किये जाने का निर्णय लिया गया एवं अधोहस्ताक्षरी को उक्त विद्यालय का नाम परिवर्तन के सम्बन्ध में आदेश निर्गत किये जाने के निर्देश जारी किये गये।

मण्डलीय मान्यता समिति, प्रथम मण्डल मेरठ के समस्त सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित उक्त निर्णय दिनांक 29.11.2024 के क्रम में प्राइमरी / जूनियर स्तर के विद्यालय का नाम राकवुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के स्थान पर एस0आर0एम0 पब्लिक स्कूल परिवर्तित किया जाता हैं।

(राहुल पँवार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

**पृष्ठांकन एवं दिनांक उक्तवत्।**

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक, प्रथम मण्डल मेरठ।
2. खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर।
3. प्रबन्धक, एस0आर0एम0 पब्लिक स्कूल, बी–67, सेक्टर–33, नोएडा, विकास खण्ड बिसरख, जनपद गौतमबुद्धनगर।

Rahul

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।